卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः ॥ आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ॥ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 259 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦26 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## जी–20: ढांचागत विकास पर हुआ मंथन

ऋषिकेश(उद ब्यूरो)। जी 20 के ढांचागत विकास कार्य समूह की तीसरी बैठक सोमवार को ऋषिकेश के निकट नरेंद्रनगर में हुई। बैठक में जी–20 सदस्य देशों के अलावा आमंत्रित देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के कुल 63 प्रतिनिधि शामिल हुए। इससे पहले रविवार को नरेंद्रनगर स्थित कार्यक्रम स्थल होटल वेस्टिन रिसार्ट एंड स्पा हिमालयाज में केंद्रीय वित्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव सोलोमन अरोकियाराज ने कार्यक्रम की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि ढांचागत विकास कार्य समूह की तीसरी बैठक में 2023 ढांचागत विकास की विभिन्न कार्य धाराओं की दिशा की ठोस प्रगति पर चर्चा की जाएगी।उन्होंने बताया कि ढांचागत विकास कार्य समूह की इस बैठक में दो सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। सोमवार को एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट बैंक के साथ साझेदारी में 'टिकाऊ शहरों के रोडमैप पर उच्च स्तरीय सेमिनार' का आयोजन किया गया। तीन सत्रों में चर्चा से जी– 20 के नीति निर्माताओं को तीव्र शहरीकरण और समावेशिता, प्रौद्योगिकी, इंफ्राटेक और डिजिटलीकरण की भूमिका की खोज के साथ–साथ जलवायु परिवर्तन से लेकर बुनियादी ढांचे के लचीलेपन तक की प्रमुख चुनौतियों को भी जानने का अवसर मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय (शेष पृष्ठ 7 पर)



## हाईकोर्ट पहुंचा पेयजल किल्लत का मामला

नैनीताल(उद संवाददाता)।सरोवर नगरी नैनीताल में पेयजल किल्लत का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। हाई कोर्ट में जल संस्थान के अधिवक्ता ने बताया है कि आज शाम तक पानी सप्लाई सुचारू कर दी जाएगी। कोर्ट ने पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने व जरूरत पड़ने पर अतरिक्त कर्मचारियों को लगाने व मशीनों के उपयोग के निर्देश दिए हैं। सोमवार को शहर निवासी हाईकोर्ट बार एशोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत ने न्यायाधीश न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में पेयजल संकट को मेंशन कर तत्काल सुनवाई की प्रार्थना की। कहा कि शहर में पांच दिन से एक तिहाई आबादी सहित करीब (शेष पृष्ठ सात पर)




गुरू माँ
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000


## अवैध शराब के साथ महिला सहित दो तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस पुलिस ने गश्त के दौरान एक महिला सहित दो शराब तस्करों को अवैध शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कांस्टेबल अमित जोशी साथी के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। पुराना अस्पताल खण्डर के पास एक महिला संदिग्ध रूप से हाथ में प्लास्टिक का कट्टा लेकर आती दिखाई दी। पुलिस को देखकर जब उसने वापस लौटने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिस ने पीछाकर उसे पकड़ (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों की नगदी और डोडा चूरा संग तस्कर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाल विक्रम राठौर के नेतृत्व में पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को लाखों रुपए की नगदी और पांच किलो डोडा चूरा सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली विक्रम राठौर के नेतृत्व में एसएसआई कमाल हसन, एसआई मुकेश मिश्रा, कांस्टेबल किशन सिंह, रघुनाथ सिंह व नरेश जोशी ग्राम विन्दुखेडा रोड में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान निर्माणाधीन भवन के सामने एक व्यक्ति हाथ में प्लास्टिक का कट्टा लेकर आता दिखाई दिया। जब उसने पुलिस को देखकर वापस भागने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिस कर्मियों ने पीछा कर कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता गुरमीत सिंह पुत्र स्व. कुलवंत सिंह निवासी ग्राम बिन्दुखेडा, थाना रूद्रपुर बताया। कट्टे की तलाशी लेने पर उसमे एक लाख पच्चीस हजार पांच सौ रुपए नगद, 5 किलो 35 ग्राम डोडा चूर्ण तथा इलेक्ट्रानिक काँटा बरामद हुए। पूछताछ में गुरमीत ने बताया कि यह रुपए डोडा चूर्ण बेचकर (शेष पृष्ठ सात पर)



## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक यूपी के जिला पीलीभीत के गांव पिपरिया बजा गजरौला निवासी 25 वर्षीय रामविलास यहां आजाद नगर ट्रांजिट कैंप में 15 दिन पहले हरिपाल के घर में किराए पर रहने आया था। पुलिस के मुताबिक, रविवार सुबह से वह खुद को असहज महसूस कर रहा था और कमरे के बाहर लेटा था। देर शाम को आसपास के लोगों ने देखा तो वह अचेत अवस्था में था और उसके मुंह से झाग निकल रहा था। इस दौरान मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। उसे उपचार को अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने मामले की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम को भिजवाया। सूचना पर परिवार के लोग भी पहुंच गए।

## चाकू की नोक पर महिला से बलात्कार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोहल्ला पहाड़गंज निवासी एक युवक द्वारा बाजार जाती महिला को मार्ग में पकड़कर चाकू की नोक पर बलात्कार करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो परिजनों की गुहार पर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में पीड़िता के पति ने कहा है कि उसकी पत्नी 16 अप्रैल को दोपहर घर से बाजार के लिए रवाना हुई। जब वह किच्छा रोड़ पर पुराने अस्पताल के पास पहुंची तो वहां पहले से मौजूद पहाड़गंज निवासी मोसिन पुत्र अब्दुल रहमान ने उसका हाथ पकड़ लिया और पास में ही एक खण्डर में ले गया। जहां मोहसिन ने चाकू की नोक पर उसकी पत्नी से बलात्कार किया। साथ ही यह बात किसी को बताने पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## नशा मुक्ति के लिए मैराथन में दौड़े सैकड़ों लोग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल द्वारा आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नशा मुक्त देवभूमि मिशन के तहत नगर में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसे मेयर जोगेंद्र रौतेला और एसएसपी पंकज भट्ट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन दौड़ को तीन अलग–अलग कैटेगरी में आयोजित किया गया। जिसमें बुजुर्ग युवा वर्ग व छोटे बच्चों ने प्रतिभाग किया। वहीं भारी बरसात के बीच नशा मुक्त अभियान के तहत लोगों ने पांच किलोमीटर की दौड़ लगाकर नशे के प्रति जागरूकता संदेश दिया। भारी बरसात के बावजूद भी लोगों में मैराथन दौड़ को लेकर एक अलग ही उत्साह नजर आया। इस (शेष पृष्ठ सात पर)





# एसटीएफ ने आठ नाइजीरियन पर कसा शिकंजा, एक दबोचा

देहरादून(उद संवाददाता)। पार्सल के नाम पर ठगी करने वाले नाइजीरिया मूल के लोगों पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई हुई है। एसटीएफ ने दिल्ली से नाइजीरिया मूल के एक युवक को गिरफ्तार कर ठगों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। जबकि, उसके साथ रहने वाले सात लोगों को नोटिस दिए गए हैं। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं, गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया, पिछले दिनों रेशमा दीवान नाम की महिला ने साइबर थाना पुलिस को शिकायत की थी। उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने खुद को ब्रिटेन का नागरिक बताया और महिला से दोस्ती कर ली। इस बीच उसने महिला को झांसा दिया कि वह उनके लिए पार्सल भेज रहा है। इसमें 40 हजार पाउंड हैं। एक दो दिन बाद उसने कहा कि यह पार्सल दिल्ली एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने रोक लिया है।अब उससे पार्सल छोड़ने के नाम पर रिश्वत मांगी जा रही है। इसके लिए उसने अपने किसी अन्य साथी से महिला की बात कराई। उसने खुद को दिल्ली एयरपोर्ट का कस्टम अधिकारी बताया। महिला को विश्वास हुआ तो उन्होंने 50 हजार रुपये रिश्वत के रूप में आरोपियों के बताए एक भारतीय बैंक खाते में जमा कर दिए।इसके बाद कस्टम ड्यूटी, फीस, टैक्स समेत तमाम तरह से महिला को डराकर उनसे कुल 19 लाख रुपये अपने विभिन्न खातों में जमा करा लिए। महिला से और भी रुपये मांगे जा रहे थे लेकिन अब महिला का खाता खाली हो चुका था। इस मामले में साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। खातों और मोबाइल नंबरों की जांच करते हुए एसटीएफ दिल्ली के मोहन गार्डन स्थित विपिन गार्डन के एक मकान तक पहुंच गई।यहां पर नाइजीरियन मूल के कुछ युवक मिले। इनमें से एक युवक चिकोजॉइकी दिमकोहा को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि, सात अन्य युवकों को सीआरपीसी 41 ए का नोटिस दिया गया है। यानी पुलिस यदि उन्हें जांच के लिए बुलाएगी तो उन्हें आना पड़ेगा। नहीं आएंगे तो उनके खिलाफ न्यायालय से वारंट भी लिया जा सकता है।आरोपियों से 21 मोबाइल फोन और पांच लैपटॉप बरामद हुए हैं। इनके आपराधिक इतिहास के बारे में पता किया गया है। इन्होंने झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तर प्रदेश के कई लोगों को ठगा है। इनके मोबाइल नंबरों की जांच कराने पर इनके खिलाफ सैकड़ों शिकायतें इन राज्यों में मिली हैं। एसटीएफ अब इन राज्यों को भी सूचित कर रही है। इनके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास भी किए जा रहे हैं।



## बिजली गिरने से 400 बकरियों की मौत

हल्द्वानी। कुमाऊं मंडल में रविवार को हुई बारिश ने जहां गर्मी से निजात मिली वहीं जगह-जगह मार्ग बाधित हो गए। बागेश्वर के कपकोट के झूनी स्थित पांखूटॉप बुग्याल में बिजली गिरने से चार सौ से अधिक बकरियों की मौत हो गई। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि रविवार को 93 प्रतिशत आर्द्रता के बीच उत्तर-पूर्व दिशा में 10.8 किमी. प्रतिघंटा के वेग से हवा चली। सोमवार को मैदानी क्षेत्रों में मध्यम (35 मिमी) जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में मध्यम से भारी (60-80 मिमी) बारिश होने का अनुमान है।पिथौरागढ़ जिले में मूसलाधार बारिश से सड़कों पर मलबा और बोल्डर आने से 10 ग्रामीण सड़कें बंद हो गईं। मुनस्यारी और धारचूला में सबसे अधिक बारिश हुई। बाटनागाड़ में सड़क पर मलबा आने से पूर्णागिरि मार्ग करीब चार घंटे बाधित रहा। चंपावत जिले में मौसम सामान्य रहा। बागेश्वर में जिला मुख्यालय के साथ कपकोट, कौसानी, कांडा क्षेत्र में कई घंटे तक काफी तेज बारिश हुई। कपकोट क्षेत्र में हुई तेज बारिश के कारण सरयू का जलस्तर बढ़ गया है। अल्मोड़ा में कई हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हुई। इस कारण तापमान चार डिग्री कम हो गया। हल्द्वानी में रविवार सुबह छह बजे से आधे घंटे तक बारिश हुई। दिनभर बादल छाए रहे। शाम के समय हल्की धूप भी निकल गई। बारिश होने से तापमान में काफी गिरावट आ गई। तराई में लंबे इंतजार के बाद रविवार को मेघ बरसे।



## पत्थर गिरने से टैक्सी चालक की मौत

रूद्रप्रयाग। उत्तराखंड में रविवार सुबह से हो रही बारिश से पहाड़ों पर जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। केदारनाथ पैदल मार्ग पर गदेरे उफान पर आ गए। भारी बारिश को देखते हुए रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने सुबह करीब 10:30 बजे केदारनाथ यात्रा रोक दी। यात्रियों को सोनप्रयाग में ही रोक दिया गया। सोनप्रयाग में एक्रो पुल के समीप खड़ी मैक्स के ऊपर पहाड़ी से पत्थर गिर गए जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान वाहन में अन्य कोई और नहीं था। रविवार को अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे सोनप्रयाग बाजार से लगभग आधा किमी आगे एक्रो पुल के दूसरे छोर पर अनिल सिंह बिष्ट (50) निवासी बरम्वाड़ी ने अपना वाहन हाईवे किनारे खड़ा किया। इस दौरान वह वाहन का लॉक ठीक करने लग गए। तभी पहाड़ी से पत्थर वाहन की छत को तोड़ते हुए अंदर जा गिरे जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस व आपदा प्रबंधन द्वारा मशीन से वाहन में गिरे पत्थर हटाने के बाद शव को बमुश्किल से निकाला गया। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, टैक्सी-मैक्सी यूनियन के जिलाध्यक्ष राय सिंह राणा सहित अन्य लोगों ने घटना पर दुख जताया है। वहीं, पैदल मार्ग पर गदेरे भी उफान पर रहे। गौरीकुंड- केदारनाथ पैदल मार्ग अति संवेदनशील स्थानों पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और पुलिस के जवानों द्वारा यात्रियों को एक-एक कर रास्ता पार कराया गया।



## लंबे समय से फरार पांच वांछित गिरफ्तार

काशीपुर(उधम सिंह नगर)। ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत चलाए अभियान के क्रम में कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे पांच वारंटियों को दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस फरार चल रहे वांछित अभियुक्तों की धरपकड़ को लेकर अभियान चलाए हुए थी इसी दौरान अपना घर कुंडेश्वरी निवासी प्रिंस राज पुत्र वीरेंद्र सिंह, मारपीट में फरार चल रहे बच्चा वाला कुंडेश्वरी निवासी मनप्रीत सिंह पुत्र स्वर्गीय प्रकाश सिंह, एक्साइज एक्ट में वांछित रमपुरा काशीपुर निवासी भीमा पुत्र जसवंत सिंह, इसी मामले में कुंडेश्वरी निवासी संजय पुत्र सुलखन तथा 446 सीआरपीसी में वांछित चल रहे जगतपुर निवासी गुरनाम सिंह पुत्र लाभ सिंह को पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उपरोक्त सभी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। कार्यवाही करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विनोद जोशी, कांस्टेबल मुकेश कुमार, गजेंद्र गिरी, किशोर फर्त्याल व विजय कुमार शामिल रहे।



## गांवों का भ्रमण कर समस्याएं सुनी

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने भैसियाछाना ब्लाक अन्तर्गत न्योली नैनी, घूठ तरुला, हरड़ा बमौरी, तल्ला शेरा घाट, जिंगल कुंज, किमोला,तल्ली नाली, मल्ली नाली,कुटोरा, मल्ली सेराघाट सहित आस पास की ग्राम सभाओ में जनसम्पर्क कर स्थानीय लोगों की समस्याएं जानी। लोगों द्वारा बताये जाने पर कि समाज कल्याण अन्तर्गत कृषक पेंशन एवं वृद्धावस्था पेंशन विगत पांच माह से लोगों को नहीं मिली है।श्री कर्नाटक ने तत्काल समाज कल्याण अधिकारी से वार्ता कर अविलम्ब पात्र लोगों को इसका लाभ देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही युवाओं के साथ देर रात्रि तक वार्ता की। श्री कर्नाटक ने धमस,खूंट धारीचाणलटवाल गांव,टानी आदि क्षेत्रों का भी भ्रमण कर स्थानीय लोगों से जन सम्पर्क किया एवं उनकी समस्याएं जानी। खूंट रुद्रेश्वर मोटर मार्ग के बनने में बलशा ग्राम के लोगों को अभी तक उनकी भूमि का मुआवजा नहीं मिलने पर श्री कर्नाटक ने सम्बंधित से बात कर ग्राम वासियों को अविलम्ब मुआवजा देने को कहा।धारी ग्रामसभा में हो रही पेयजल की भारी किल्लत को देखते हुए श्री कर्नाटक ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता से तत्काल दूरभाष पर वार्ता कर धारी गांव का निरीक्षण कर पेयजल की व्यवस्था करने की मांग की।इसके साथ ही श्री कर्नाटक ने प्रत्येक ग्राम सभाओं में युवाओं से खेलों को लेकर भी चर्चा की।



## टांडा उज्जैन में नहीं मिल रही जाम के झाम से राहत

**❑तिराहे पर ई रिक्शा चालकों का आतंक, फल विक्रेता भी कर रहे मनमानी**
**❑मार्ग पर यातायात व्यवस्था में खाज बना है मैजिक का अवैध अड्डा**

काशीपुर(उद संवाददाता)। अवैध अतिक्रमण को लेकर टांडा उज्जैन में फल विक्रेताओं तथा ई रिक्शा चालकों का आतंक एक बार फिर से देखा जाने लगा है। यानी अवैध अतिक्रमण हटाए जाने के बाद भी टांडा उज्जैन रोड पर जाम के झाम से लोगों को मुक्ति नहीं मिली है। सड़क को अतिक्रमण पर दुकान लगाने वाले फल कारोबारी अब सुबह से ही कतार बद्ध तरीके से ठेले पर फल देते देखे जा सकते हैं। कुछ दुकानदारों ने सड़क की दूसरी ओर मार्ग को अतिक्रमण कर दुकानें सजा ली है। मजे की बात तो यह है कि टांडा उज्जैन पुलिस चौकी एवं क्षेत्र अधिकारी आवास के ठीक सामने सब्जी व फल कारोबारी सड़क को अवैध तरीके से अतिक्रमण कर कानून को ठेंगा दिखाने का काम कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर टांडा उज्जैन तिराहे पर ई रिक्शा चालकों द्वारा रिक्शा को आड़ा तिरछा खड़ा कर सवारियां भरने के नाम पर मार्ग को अवरुद्ध करने का काम किया जा रहा है। रिक्शा चालकों के इस कारनामे से टांडा उज्जैन तिराहे पर गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। ज्ञातव्य है कि पिछले दिनों प्रशासन द्वारा टांडा उज्जैन तिराहे से टांडा उज्जैन पुलिस चौकी तक सड़क अतिक्रमण कर सजाई गई फल मंडी को हटा दिया गया। प्रशासन की इस कार्यवाही से वाहन चालकों तथा रोजाना इस मार्ग से होकर आवागमन करने वालों ने राहत की सांस ली लेकिन फल विक्रेताओं ने हठधर्मिता की हदें लांघ उपरोक्त स्थान पर ठेला लगाना शुरू कर दिया। तो वही तमाम फल विक्रेताओं ने सड़क की दूसरी ओर अवैध अतिक्रमण कर कारोबार जमा लिया है। क्षेत्राधिकारी आवास के ठीक सामने सड़क अतिक्रमण कर सब्जी व फल की दुकान लगाई गई है। इसी तरह टांडा उज्जैन पुलिस चौकी के ठीक सामने कानून को ताक पर रखकर फल व सब्जी विक्रेता दुकान चला रहे हैं। व्यवस्था दुरुस्त करने में जहां एक और फल विक्रेता रोड़ा बने हैं तो वहीं दूसरी ओर ई रिक्शा चालकों ने भी शहर की यातायात व्यवस्था को बर्बाद करके रख दिया। टांडा उज्जैन तिराहे पर यातायात को तभी सुचारू किया जा सकेगा जब यहां से अवैध तरीके से बनाए गए मैजिक के अड्डे को खत्म किया जाए। सूत्र बताते हैं कि मैजिक के इस अड्डे पर गैर कानूनी ढंग से गुंडा टैक्स की वसूली भी की जा रही है। यह कारनामा सीओ कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर हो रहा है। मैजिक का अवैध अड्डा आबाद होने के कारण उक्त स्थान पर सुबह से लेकर देर रात तक गंभीर दुर्घटना जैसे खतरे की आशंका बनी रहती है।

### नहीं हटाया गया रेलवे स्टेशन गेट पर अतिक्रमण कर रखा पान बीड़ी का खोखा

काशीपुर। अवैध अतिक्रमण हटाए जाने के नाम पर प्रशासन ने रेलवे स्टेशन मार्ग से लेकर टांडा उज्जैन तिराहे के आसपास सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग ऐसे हैं जो अपने स्थान से नहीं हटे। रेलवे स्टेशन की मुख्य द्वार पर मार्ग अतिक्रमण कर रखा गया एक पान का खोखा आज भी अपने स्थान पर पूर्व की भांति देखा जा सकता है। इसी तरह माल गोदाम गेट पर सुबह सवेरे पान बीड़ी का एक खोखा अस्थाई तौर पर रोड पर रखा जाता है और शाम को हटा लिया जाता है।

## जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। किशनपुर रेंज के जंगल में एक युवक ने संदिग्ध हालतों में पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रविवार को शक्तिफार्म के ग्रामसभा बैकुंठपुर निवासी श्याम सुंदर वैद्य (20) पुत्र स्व. गोविंद वैद्य ने गांव के समीप किशनपुर रेंज के जंगल में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों के अनुसार श्याम सुंदर के माता-पिता की बचपन में ही मृत्यु हो गई थी वह अपनी दादी व चाचा के साथ रहता था। तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा श्याम सुंदर सिडकुल स्थित निजी कंपनी में कार्यरत था। श्याम सुंदर के चाचा अमल वैद्य ने बताया कि वह शनिवार रात से वह घर नहीं लौटा था। कई बार फोन करने पर भी उसने फोन नहीं उठाया। इस पर उन्हें लगा कि वह अपने किसी दोस्त के यहां रुक गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों द्वारा उन्हें श्याम सुंदर की मौत की खबर मिली। जंगल में लकड़ी बीनने गए ग्रामीणों ने शव को फंदे से लटकता देख पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को ग्रामीणों की मदद से नीचे उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## महिला की तहरीर पर मारपीट का केस दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर एक व्यक्ति के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर गड्ढा कॉलोनी निवासी सलीमन पत्नी साबिर ने बताया कि बीते 24 जून को उपरोक्त मोहल्ला निवासी इस्लाम नामक व्यक्ति ने उसके पति तथा नवासी के साथ मामूली बात पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते कि मौके से फरार हो गया। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 323 504 506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# धूमधाम से निकाली गयी भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा

## जगह-जगह पर यात्रा का फूल बरसा कर हुआ स्वागत और वितरित हुआ प्रसाद





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा मंदिर मनकामेश्वर के महाराज स्वामी नारायण चैतन्य जी के सानिध्य में धूमधाम से निकाली गयी। जगह जगह शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा व भाई बलराम सहित रथ पर सवार होकर निकले जिनका स्वरूप देखते ही बनता था रथ यात्रा में नाचते गाते सैकड़ों भक्तों का सैलाब सड़क पर उतर आया। जहां जहां से भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकली चारों तरफ का वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह पर यात्रा का स्वागत फूल बरसा कर किया गया। गोल्डन एजेन्सी सहित अनेक स्थानों पर प्रसाद का वितरण भी किया गया। भगवान जगन्नाथ की जय जयकार से चारों तरफ का वातावरण गुंजायमान हो गया। मंदिर मनकामेश्वर के स्वामी चैतन्य नारायण जी ने बताया की रथ यात्रा का आयोजन मुख्य मंदिर भगवान जगन्नाथ पुरी उड़ीसा की वालों की प्रेरणा से प्रतिवर्ष किया जाता है। उनकी प्रेरणा से ही यहां भी भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा जीवनदीप हॉस्पिटल से शुरू होकर एलआईसी ऑफिस रिंग रोड मेन मार्केट, आवास विकास, शिव मंदिर, गोल्डन एजेन्सी होते हुए श्याम टॉकीज रोड स्थित मंदिर मनकामेश्वर पर संपन्न हुई। जहां सभी भक्तों द्वारा भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया गया। यात्रा में समाजसेवी चंद्रकांत अरोड़ा, किशोर अरोरा,विजय अग्रवाल,अजय फुटेला, शिवम फुटेला, आस्था, निम्मी, जीवनदास, ओ पी सक्सेना, सागर फुटेला, अमित सक्सेना, हरजीत राठी, भोपाल शास्त्री, किशोर अरोरा, परमपाल सुखीजा, शिव, इंदिरा पोखरियाल,पार्षद रमेश कालड़ा, पार्षद राजेश जग्गा, रामबाबू मिश्रा ,संगीता जुनेजा व संयुक्त महिला मंडली भजन मंडली शामिल थी।







# आजादनगर वार्ड 7 में सुनील राठौर बने कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। वार्ड नंबर सात आजादनगर में आयोजित नुक्कड़ सभा में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा की मौजूदगी में सर्वसम्मति से वार्ड अध्यक्ष पद के लिए सुनील राठौर के नाम की घोषणा की। सुनील राठौर को वार्ड अध्यक्ष बनाये जाने पर वार्ड के कांग्रेसियों ने खुशी व्यक्त करते हुए राठौर का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। हनुमान चौक पर आयोजत नुक्कड़ सभा में जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि इस बार नगर निगम के चुनाव में भाजपा का तख्ता पलट होना तय है। उन्होंने कहा कि पिछले दो बार भाजपा ने जनता को गुमराह करके नगर निकाय चुनाव में मेयर की सीट कब्जायी थी। इस बार जनता भाजपा के बहकावे में नहीं आने वाली। आज भी महानगर की समस्याएं जस की तस है। मलिन बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं के लिए भी लोग तरस रहे हैं। इसका खामियाजा भाजपा को इस बार भुगताना पड़ेगा। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी ने जनता त्रस्त हो चुकी है। भाजपाई चुनाव से पहले अपनी सरकार की झूठी उपलब्धियां जनता को गिनाकर फिर बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं इस बार जनता जागरूक हो चुक है। अब जनता किसी बहकावे में नहीं आयेगी। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि सत्ता में बने रहने के लिए समाज में सांप्रदायिकता का जहर खोलने और आपसी मतभेद पैदा करने वाली भाजपा को जनता अब पहचान चुकी है। कभी अतिक्रमण तो कभी सत्यापन के नाम पर गरीब जनता को प्रताड़ित किया जा रहा है। नजूल की समस्या का निस्तारण करने का वादा करके दो बार नगर निगम चुनाव में जनता जीतने वाली भाजपा अभी तक इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं निकाल पायी है। अभी भी नजूल नीति का लाभ पूरी तरह जनता को नहीं मिल पा रहा है। अब गरीबों को बिजली के कनेक्शन तक नहीं दिये जा रहे हैं। भाजपा की इस तानाशाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। श्री शर्मा कि जनता अब जाग चुकी है और अपना बुरा भला अच्छी तरह समझती है। उन्होंने नगर निगम में पारदर्शी व्यवस्था और शहर के समग्र विकास के लिए इस बार वार्ड से कांग्रेस का पार्षद बनाने और मेयर भी कांग्रेस पार्टी का बनाने का आहवान किया। इस दौना वार्डवासियों ने तमाम समस्याएं भी उठाई। कांग्रेसे नेता राम चन्द्र सागर ने महानगर अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वार्ड में ऐसे व्यक्ति को अध्यक्ष बनाया है जो कांग्रेस के लिए समर्पित हैं और आम जनता में उनकी अच्छी पैठ है। निश्चित ही इसका लाभ आगामी चुनाव में मिलेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। गरीब जरूरतमेंदों की सच्ची हितैषी कांग्रेस पार्टी ही है। उन्होंने कहा कि वार्डवासी भाजपा के मेयर और पार्षद से त्रस्त हैं और इस बार कांग्रेस को समर्थन देने का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़कर जीत हासिल करने वाले पार्षद ने अपने निजी स्वार्थ के लिए भाजपा का दामन थाम लिया। वार्डवासी ऐसे स्वार्थी लोगों को भी सबक सिखायेगी। इस दौरान सभा में



मौजूद वार्डवासियों ने कांग्रेस को अपना पूरा समर्थन देने का ऐलान किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुनील आर्य, पार्षर मोहन खेड़ा, राम चन्द्र सागर, अमल साना, गोपाल यादव, तेजपाल राठौर, नारायण गुप्ता, डा. भोला, ज्ञान प्रकाश, सोमपाल सागर, संजू, राम चन्द्र सागर, डा. अमन, लक्ष्मण, वीर सिंह, सुंदर लाल, जोगराज, अतर सिंह, मरजीत, राहुल, महेश, गोविंद राम, जगवान दास,राजीव, अलका पाण्डे, रंजीत पाल, रविन्द्र यादव, श्नी राम, दिनेश, सोमपाल, राठौर, नंद किशोर आदि मौजूद थे।

# वनभूमि को खुर्दबुर्द करने वालों के खिलाफ रपट दर्ज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।बागजाला गौलापार में वनविभाग की सरकारी भूमि को खुर्द-बुर्द लेने वालों के विरुद्ध काठगोदाम थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। रपट में कहा गया कि वन क्षेत्राधिकारी गौला रेंज को बागजाला, गौलापार में वनभूमि को जालसाजी से खुर्द-बुर्द करने की शिकायत मिली। इस पर वन क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर वन विभाग के अधिकारियों ने मामले की जांच की तो शिकायत सही पाई गई। जांच के दौरान पाया गया कि कुंवरपुर बीट संख्या - 2 बागजाला क्षेत्र में वर्ष 1978 से 30 वर्षीय लीज पट्टे पर वर्ष 2008 तक आवंटित किए गए थे। वर्ष 2008 में लीज अवधि समाप्त हो गयी। वर्ष 2008 के पश्चात लीज नवीनीकरण नहीं होने के चलते वर्तमान में प्राप्त सूचना के आधार पर कालातीत पट्टे वाली आरक्षित वन भूमि/राजकीय संपत्ति को विधि प्रतिकूल जालसाजी से अवैध रूप से खुर्द-बुर्द कर दिया गया। इस मामले में वन विभाग की ओर से रुपराज पुत्र गंगाराम, मोहन चन्द्र पुत्र केशव दत्त पलड़िया, कुन्दन सिंह बिष्ट पुत्रा गंगा सिंह, महेश भट्ट पुत्र केशव दत्त भट्ट, इंतियाज पुत्र सरताज, परवीन पत्नी इंतियाज, जगदीश पुत्र शेरी राम सभी निवासी देवलातल्ला पजाया बागजाला, गौलापार, राम प्रकाश पुत्र कचेरमल निवासी गौलाबैराज काठगोदाम, सलीम पुत्र अखतर निवासी लाईन नंबर 10 आजाद नगर हल्द्वानी व गुलशन पुत्री इरफान निवासी काबुल का बगीचा इन्द्रानगर के खिलाफ नामजद तहरीर सौंपी है।

# कार और बाइक की टक्कर में युवक की मौत

अल्मोड़ा। सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बाइक सवार मनीष सिंह बनकोटी (21) पुत्र अनिल बनकोटी और साथी दिव्यांशु रावत (16) पुत्र मनोहर रावत दोनों निवासी ठुंगाधार अल्मोड़ा बाइक से कैंची धाम की ओर जा रहे थे। गरमपानी के पास बाइक और कार की टक्कर हो गई। सूचना पर पहुंचे खैरना चौकी प्रभारी दलीप कुमार और कांस्टेबल प्रयाग जोशी ने दोनों घायलों को निजी वाहन से सीएचसी गरमपानी पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं परिजन आपातकालीन वाहन की व्यवस्था नहीं होने पर निजी वाहन से हायर सेंटर ले जा रहे थे लेकिन मनीष सिंह ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।



वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# साइबर ठगों से बचने के लिये हर नागरिक की जागरूकता जरूरी

## हमारी पुलिस हर प्रकार के अपराध से निपटने के लिए पूर्णतःसक्षम : राज्यपाल



देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को राजभवन ऑडिटोरियम में "साइबर एनकाउंटर्स" पुस्तक-परिचर्चा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। पुस्तक के लेखक डीजीपी अशोक कुमार, सहलेखक ओ. पी. मनोचा के साथ ही अभिनव पाण्डे और पूजा मारवाह के संचालन में वर्तमान परिदृश्य में साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों के साथ ही पुस्तक के विभिन्न पहलुओं और वर्तमान में इसकी उपयोगिता के संबंध में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने साइबर सुरक्षा से सम्बन्धित लोगों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर भी दिए।इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह पुस्तक वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए बेहद महत्वपूर्ण विषय पर लिखी गई है। इसके द्वारा साइबर अपराध से बचने में पाठकों को मदद मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि 'साइबर एनकाउंटर्स' पुस्तक साइबर अपराधों की रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राज्यपाल ने कहा कि साइबर अपराध वर्तमान समय में हम सब के सामने एक बड़ी चुनौती है



और इसमें निरंतर कई लोग साइबर ठगी का शिकार बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें तकनीकी एवं इंटरनेट का इस्तेमाल सजगता के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसाधनों के विकास के साथ-साथ उनके खतरों के प्रति भी सचेत रहने की जरुरत है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे विभिन्न तंत्र साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में गहनता से कार्य कर रहे हैं। हमारी पुलिस प्रणाली का कार्य बहुत चुनौतीपूर्ण है। पुलिस बल भौतिक और वर्चुअल चुनौतियों से निपटने के लिए सदैव कार्यशील रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पुलिस हर प्रकार के अपराध से निपटने के लिए पूर्णतः सक्षम है और वह सराहनीय कार्य कर रही है। साइबर अपराध से निपटना केवल पुलिस और कानून की ही जिम्मेदारी नहीं है बल्कि इसके लिए हर एक नागरिक की जागरूकता और सामूहिक प्रयास बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढ़ांचे और अपनी प्रौद्योगिकी को उन्नत बनाने के साथ-साथ हर स्तर पर प्रशिक्षण से सजगता और जागरूकता लाए जाने की जरूरत है। स्कूल और कॉलेजों के साथ मिलकर शिक्षा में साइबर सुरक्षा के प्रति बच्चों को बताया जाना आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में जागरूकता लाने के लिए अच्छा प्रयास किया गया है इसके लिए उन्होंने डीजीपी अशोक कुमार और उनके सहयोगी श्री ओ. पी मनोचा के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जाय कि इस पुस्तक को अधिक से अधिक लोग पढ़ें और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें। पुस्तक के लेखक डीजीपी अशोक कुमार ने साइबर अपराध से जुड़ी अनेक घटनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध से बचाव के लिए हमें किस प्रकार सतर्क रहना चाहिए। साइबर अपराध और उससे पार पाने के लिए हमारे सामने क्या चुनौतियां हैं, इसकी भी उन्होंने जानकारी दी। इस अवसर पर विभिन्न स्कूल/ कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के अलावा अनेक गणमान्य लोग इस पुस्तक परिचर्चा में उपस्थित रहे।

# आपातकाल में जेल जाने वालों को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आपातकाल प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि के रूप मे केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे विधायक बंसीधर भगत, राम सिंह कैड़ा, सरिता आर्या,डा. मोहन सिंह बिष्ट, मेयर डा. जोगेंद्र रौतेला, प्रताप बिष्ट, प्रकाश रावत, चन्दन बिष्ट, साकेत अग्रवाल, कौस्तुभ जोशी, विकास भगत, सुरेश भट्ट, दीपक मेहरा, आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर आपातकाल के समय जेल मे बंद रहे पुनीत लाल धींगरा, वेद प्रकाश अग्रवाल, जगन्नाथ पांडे, पूरन शर्मा, गिरीश कांडपाल व श्रीधर कौशिक को सम्मानित किया गया। सभी ने बंदी के दौरान के अपने संस्मरण सुनाये। मुख्यवक्ता के रूप मे अजय भट्ट ने सम्बोधित करते हुए कहा आपातकाल के दौरान जिन भी हमारे बुजुर्गो ने यातना सही उनकी त्याग तपस्या से आज हम इस स्थान पर पहुंचे हैँ। उन्होंने कहा घर परिवार की चिंता न कर देश एवं



लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगा देने वाले सेनानियों के योगदान को यह देश और आने वाली पीढ़ी हमेशा याद रखेगी। कार्यक्रम मे सचिन साह, भुवन भट्ट, रंजन बरगली, नवीन भट्ट, हरिमोहन मोना, प्रकाश हरबोला, प्रदीप बिष्ट, प्रतिभा जोशी, नीरज बिष्ट, प्रताप बोरा, तरुण बंसल, लाखन निगलटिया, रूचि गिरी, बीना जोशी, अलका जीना, विजय लक्ष्मी चौहान, पान सिंह मेवाड़ी, प्रमोद बोरा, प्रताप रैकवाल, किशोर जोशी आदि लोग उपस्थित रहे।

# विधायक ने सीसी रोड निर्माण कार्य का किया लोकार्पण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने वार्ड नं 19 खेड़ा क्षेत्र में सीसी मार्ग के निर्माण कार्य का लोकार्पण कर आम जन को सड़क समर्पित की। इसका विधवत शुभारंभ स्थानीय पार्षद सुनील बाल्मीकि व युवा मोर्चा अध्यक्ष विधायक शिव अरोरा अपनी कार्यशैली को लेकर सदैव ही अपनी विशेष पहचान बनाते जा रहै है उनके बारे मे कहा जाता है वह बोलने में कम और काम करने में अधिक विश्वास रखते हैं साथ ही जिस कार्य को वह करने की सोच ले तो उसको बढ़ते हुए हम एक बेहतर रुद्रपुर की ओर अपने कदम बढ़ाये, उनका प्रयास है कि आम जनमानस की हर उम्मीद पर खरा उतरते हुए क्षेत्र में विकास कार्यो को तेज गति से करने का कार्य करें । इस दौरान मण्डल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, पार्षद



नमन चावला द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। इस दौरान पार्षद सुनील वाल्मीकि ने कहा कि विधायक शिव अरोरा के विधायक बनने के बाद से रुद्रपुर में लगातार विकास कार्य मे तेजी आई है शहरी क्षेत्र से ग्रामीण क्षेत्रो की बात करे तो कई बड़े बड़े मार्गो के निर्माण कार्य गतिमान है तो कई बड़ी बड़ी सड़को के कार्य आने वाले समय मे शुरू होने की स्थिति में है, अमलीजामा पहनाकर ही दम लेते हैं। विधायक शिव अरोरा ने कहा वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिपाही के रूप में रुद्रपुर की जनता की सेवा कर रहे हैं और अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक विकास कार्य पहुचे यह उनकी प्राथमिकता है, उन्होंने कहा उनका लक्ष्य है कि रुद्रपुर क्षेत्र चारो ओर सड़को का जाल इतनी तेज से बिछाया जाये कि यह रोड नाली की समस्या से आगे सुनील बाल्मीकि, नमन चावला, सुनील ठुकराल, मयंक कक्कड़, जितेंद्र सन्धु, प्रीति धीर, अर्पित सिंह, भीमसेन, रोबिन विश्वास, विकास सागर, सुनील सागर,मनीष गुप्ता,सोनू चावला, रमेश वाल्मीकि, विश्वजीत मलिक,भीम पांडेय, रामपाल वाल्मीकि, सोमपाल वाल्मीकि, मनमोहन सिंह, रवि दिवाकर, जितेंद्र चौहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मानवाधिकार एवं अपराध निरोधक संगठन ने किया ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मानवाधिकार एवं अपराध निरोधक संगठन द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन जिला अध्यक्ष सरदार निरवैर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। ब्लड डोनेशन कार्यक्रम का आयोजन हल्द्वानी रोड स्थित मद्रास कैफे रेस्टोरेंट में किया गया जहां जिला अध्यक्ष सरदार नि'वैर सिंह खालसा वह जिला प्रभारी निर्मलजीत सिंह ने अपने विचार रखे । उन्होंने कहा कि रक्तदान ही सच्ची मानव सेवा है जो कि मानव कल्याण के लिए वरदान स्वरुप है । थैलेसीमिया व दुर्घटनाग्रस्त लोगों की जान बचाने का एकमात्र उपाय समाजसेवियों द्वारा किया गया । उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों से रक्तदान करने की अपील की । इस दौरान रक्तदान करने वालों में सरदार निरवैर सिंह खालसा,सरदार निर्मलजीत सिंह उपदेश सक्सेना, विनय सक्सेना, त्रिलोक सिंह, त्रिलोचन सिंह पंकज सक्सेना आदि दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया । इस मौके पर एससी शर्मा प्रदीप मारकुश राजेश पुन्शी गुरुशरण बब्बर गुरमीत सिंह आदि उपस्थित थे।










रूद्रपुर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित आपातकाल प्रबुद्ध सम्मेलन में आपातकाल के दौरान जेल जाने वाले नगर के प्रमुख लोगों को सम्मानित किया गया।

# स्पा सेंटर में देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़

## पुलिस एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम की औचक दबिश में संचालिका सहित पांच कालगर्ल पकड़ी



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देह व्यापार की निरंतर मिल रही शिकायतो पर कार्रवाई करते हुए पुलिस एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम द्वारा पिछले काफी समय से नगर के दर्जनों स्पा सेंटरों पर निरंतर औचक दबिश दी जा रही है। अनेक मामलों में टीम को सफलता भी मिली। इतना ही नहीं पुलिस के आलाधिकारियों के निर्देश पर समस्त स्पा सेंटरों की सूची तैयार कर संचालकों को सख्त निर्देश भी दिए गए। बावजूद इसके कई स्पा सेंटरों में देह व्यापार का धंधा निरंतर जारी रहा। अब देह व्यापार के पुख्ता सुबूत मिलने पर पुलिस ने नैनीताल रोड स्थित प्लान बी स्पा पर छापेमारी की। पुलिस की इस छापेमारी में वहां हड़कंप मच गया। रिसेप्शनिस्ट मौका पाकर भाग निकला और सेंटर में मोजूद कॉलगर्ल एक कमरे में दुबक गईं। जिसके बाद पकड़ी गई कॉलगर्ल ने पुलिस के सामने कई राज खोले। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से बेड के गद्दे के नीचे रखी आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की। काठगोदाम पुलिस ने पांच कॉलगर्ल समेत देह व्यापार के धंधे को संचालित कर रहे एक महिला व पुरुष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार एसआई मनोज कुमार कोठारी, कांस्टेबल मोहन सिंह, महेंद्र सिंह, लक्ष्मी वर्मा और रुचि दत्ता के साथ स्पा सेंटर और होटल में सत्यापन कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें नैनीताल रोड स्थित प्लान बी स्पा में देह व्यापार की सूचना मिली । आनन-फानन में टीम ने प्लान बी में छापा मारा तो पुलिस को देख कर रिशेप्सन पर मौजूद युवक फरार हो गया। पुलिस की छापेमारी से स्पा सेंटर में हड़कंप मच गया। स्पा सेंटर में मौजूद लड़कियां भागकर एक कमरे में दुबक गईं। पुलिस ने तलाशी शुरू की तो पता लगा कि 30 मई के बाद से स्पा में आने वाले लोगों का ब्यौरा ही रजिस्टर में दर्ज नहीं था। इसके बाद पुलिस ने कमरों की तलाशी शुरू की तो एक कमरे में रखे बेड के गद्दे के नीचे से गर्भ निरोधक दवा और खाली रैपर मिले, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। दूसरे कमरे में पुलिस से छिप रही पांच लड़कियां पकड़ी गईं। जिन्होंने बताया कि वह काठगोदाम की रहने वाली अंजू गुप्ता व सेक्टर 22 फरीदाबाद हरियाणा निवासी अरुण गुलाटी पुत्र हरविंदर गुलाटी के कहने पर स्पा में काम कर ग्ले थे। काठगोदाम की रहने वाली अंजू गुप्ता व सेक्टर 22 फरीदाबाद हरियाणा निवासी अरुण गुलाटी पुत्र हरविंदर गुलाटी के कहने पर स्पा में काम कर रहे है। उक्त लोगों ने उन्हें अपना असली नाम बताने से मना किया है। सगरना महिला व अरुण ग्राहकों से डील करते और उनके द्वारा शारीरिक संबंध बनाने व मसाज की बात कहे जाने पर उनको यह सुविधा उपलब्ध कराते हैं। इस काम का पैसा रिशेप्सन पर ही जमा हो जाता है। छापेमारी के दौरान पकड़ी गई कॉलगर्ल की पुलिस काउंसिलिंग करा रही है। जबकि काठगोदाम की रहने वाली सरगना अंजू गुप्ता पत्नी दीपक गुप्ता को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि पुलिस दूसरे आरोपी अरुण गुलाटी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने स्पा में लगे सीसीटीवी फुटेज व उसकी डीवीआर भी कब्जे में लेकर स्पा सेंटर को सील कर दिया है।।

KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ !
वीर
कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

## अपनी मन मर्जी से चल रहा नगर निगम का जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र कक्ष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सम्पूर्ण प्रदेश में सरकारी विभागों के कार्यालयों के खुलने व बंद होने का समय निर्धारित है। परंतु नगर निगम रूद्रपुर का जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के कक्ष में मौजूद कर्मचारी अपनी मर्जी से कार्य कर आम जनता की परेशानियों को निरंतर बढ़ा रही हैं। उन्होंने कक्ष के बाहर बाकायदा सूचना पत्र भी चिपका रखा है जिसमें कहा गया है कि प्रात: 10 बजे से 1 बजे तक ही जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र आवेदन लिए एवं प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। इस संदर्भ में पूर्व में भी कई बार नगर की जनता द्वारा आपत्ति व्यक्त की जा चुकी है परंतु निगम अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जो इस बात का संकेत दे रहे हैं कि सब कुछ अधिकारियों की शह पर ही हो रहा है। आज नगर की जनता निगम के मेयर, मुख्य नगर आयुक्त सहित सभी पार्षदों से इस बात का जवाब मांग रही है कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र कक्ष में किन नियमों तहत प्रात: 10 से 1 बजे तक जनता के कार्य किये जा रहे हैं। क्या प्रदेश सरकार से इस सन्दर्भ में कोई पृथक से आदेश आये हुए हैं? क्या निगम बोर्ड की बैठक में समय निर्धारण का कोई प्रस्ताव पारित किया गया है? यदि इसमें कोई कारण है तो इसका प्रमाण प्रस्तुत किया जाये। यदि नहीं तो किसके आदेश से उक्त कक्ष में प्रात: 10 से 1 बजे तक कार्य हो रहा है। आम जनता का यह भी आरोप है कि निगम द्वारा नियमों को ताक पर रखकर जानबूझ कर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने आये लोगों को परेशान करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। यदि ऐसा नहीं तो फिर कक्ष के बाहर समय निर्धारित करने का क्या औचित्य है? निगम प्रशासन को अपनी गहरी नींद से उठकर जनहित में शासन के नियमानुसार जन्म मृत्यु प्रमाण कक्ष में प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक लोगों को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर देने की व्यवस्था करनी होगी। ताकि लोगों को बार बार निगम कार्यालय के चक्कर न काटने पड़ें।




गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682
चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666
पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084
रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर
गुरूनानक इंटरप्राईजेज
पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# विपक्ष की अगुवाई

आगामी आम चुनाव के मद्देनजर विपक्षी एकजुटता का प्रयास आखिरकार पटना में जमीन पर उतरा। सत्रह दलों के करीब तीस बड़े नेता बैठक में शामिल हुए और एक सुर में साथ मिल कर चुनाव लड़ने का संकल्प दोहराया। यह निश्चित रूप से नीतीश कुमार की महीनों की मेहनत का सुफल था। इससे उम्मीद जताई जा रही है कि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को कड़ी चुनौती मिलेगी। मगर आम चुनाव में अभी वक्त है और इस बीच विपक्षी दलों का यह सूत्र कितना टिकाऊ साबित हो पाता है, देखने की बात होगी। हालांकि इसमें सभी विपक्षी दलों ने कांग्रेस की अगुआई स्वीकार कर ली है, मगर यही सबसे नाजुक बिंदु है, जहां से दिक्कतें शुरू हो सकती हैं। आम आदमी पार्टी ने तो अपनी शर्त पर दबाव बनाना भी शुरू कर दिया है। उसने स्पष्ट कहा है कि कांग्रेस दिल्ली सरकार संबंधी केंद्र के अध्यादेश पर उसका साथ दे, नहीं तो वह भी गठबंधन को लेकर विचार करने पर विवश होगी। आम आदमी पार्टी जिस तरह की आक्रामक राजनीति करती है, वह ढंग कांग्रेस का नहीं है। कांग्रेस अध्यादेश के समर्थन में कभी नहीं रही, मगर वह उसे लेकर सड़क पर नहीं उतरना चाहती है। वह सदन का मामला है और वह उसे सदन में उठाएगी, ऐसा उसने स्पष्ट भी कर दिया है। मगर आम आदमी पार्टी इसे लेकर कितने धैर्य का परिचय देती है, देखने की बात है। दरअसल, विपक्षी दलों की एकजुटता का प्रयास पहली बार नहीं हुआ है। पिछली लोकसभा चुनाव के वक्त भी हुआ था, मगर सिरे नहीं चढ़ सका। भाजपा ने कुछ अधिक सीटों के साथ ही वापसी की थी। नए बने गठबंधन में ज्यादातर क्षेत्रीय दल हैं और सबके अपने क्षेत्रीय स्वार्थ, समीकरण और मुद्दे हैं। अपने-अपने क्षेत्र में सबकी लड़ाई भाजपा के अलावा कांग्रेस से भी है। विधानसभा चुनाव में वे कांग्रेस के विरोध में ही चुनाव लड़ते रहे हैं। इस तरह अगर सभी एकजुट होकर केवल भाजपा के विरोध में उतरते हैं, तो उन्हें कांग्रेस के साथ अपनी सीटों का बंटवारा करना पड़ेगा, जिसके लिए उनकी पार्टी को खासा मंथन और विरोध से होकर गुजरना पड़ेगा। मसलन, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी कांग्रेस के लिए बहुत कम जगह छोड़ना चाहेंगी। इसी तरह पंजाब में आम आदमी पार्टी की मुख्य लड़ाई ही कांग्रेस से है, इसलिए सीटों के बंटवारे पर किस तरह दोनों के साथ सहमति बनती है, कहना मुश्किल है। ऐसी ही मुश्किलें समाजवादी पार्टी आदि दूसरे दलों के साथ भी हैं। शुरुआती चरण में ही जिस तरह आम आदमी पार्टी के भीतर कांग्रेस को लेकर हिचक देखी जा रही थी, वह अभी दूर नहीं हुई है। दरअसल, दिल्ली में आम आदमी पार्टी आई ही थी कांग्रेस का विरोध करके। वह टीस अभी कांग्रेस में भी बनी हुई है। यही वजह है कि बहुत सारे मामलों में न केवल भाजपा, बल्कि कांग्रेस की तरफ से भी उसे विरोध का सामना करना पड़ता है। दिल्ली सरकार संबंधी अध्यादेश पर कांग्रेस की चुप्पी भी उसी का नतीजा है। फिर आम आदमी पार्टी को यह भी लगता है कि अगर उसने कांग्रेस से किसी भी प्रकार का गठजोड़ कर लिया, तो उसका जनाधार कमजोर हो सकता है। इसलिए वह नए गठबंधन में शामिल होने को लेकर पूरी तरह दृढ़संकल्प नजर नहीं आ रही है। मगर उसके अलग रहने से भी गठबंधन पर बहुत असर इसलिए नहीं माना जा रहा, क्योंकि लोकसभा चुनाव में उसका प्रभाव क्षेत्र बहुत छोटा है।

# दुर्लभ योग के साथ बन रहा है सावन में हरि हर उपासना करने का अद्भुत संयोग

## आठ सोमवार के साथ 59 दिनों का रहेगा यह सावन माह

सावन का महीना शिव भक्तों को समर्पित है। इस पवित्र महीने में भगवान शिव की उपासना की जाती है। कहा जाता है कि सावन के महीने में हर एक सोमवार को भगवान शिव की उपासना करने से जीवन में सुख समृद्धि आती है। साथ ही व्यक्ति की मनोकामना भी पूरी होती है। कहा जाता है कि सावन का



महीना भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। श्रावण मास की शुरुआत कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। इस बार सावन का महीना करीब 2 महीने का रहने वाला है। आइए जानते हैं कब से शुरू होगा सावन का महीना। इस बार सावन में 8 सोमवार पड़ने वाले हैं। यानी इस बार सावन का महीना 2 महीने का रहने वाला है। आइए जानते हैं। अतुल शास्त्री से कब से शुरू हो रहा है सावन और अधिक मास हिंदू पंचांग के अनुसार, इस बार सावन का महीना करीब 2 महीने का होने वाला है। सावन मास की शुरुआत 4 जुलाई 2023 से होगी और 31 अगस्त 2023 तक रहेगा। यानी इस बार भक्तों को भगवान शिव की उपासना के लिए कुल 58 दिन मिलने वाले हैं। कहा जाता है कि यह शुभ संयोग 19 साल बाद बना है। 18 जुलाई से 16 अगस्त तक अधिकमास रहेगा: शिवस्य हृदये विष्णु: विष्णोश्च हृदये शिव:।' अर्थात् भगवान शंकर के हृदय में विष्णु का और भगवान विष्णु के हृदय में शंकर का बहुत अधिक स्नेह है। ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री ने बताया कि इस बार 18 जुलाई से 16 अगस्त तक सावन अधिकमास रहने वाला है। यानी इस बार 18 जुलाई से 16 अगस्त तक अधिक मास रहेगा। यानी इस बार सावन में भगवान शिव के साथ साथ भगवान विष्णु की भी कृपा प्राप्त होगी। अतुल शास्त्री ने बताया कि पंचांग की गणना सौर मास और चंद्रमास के आधार पर की जाती है। चंद्रमास 354 दिनों का होता है। और सौर मास 365 दिन का। ऐसे में 11 दिन का अंतर आता है और 3 साल के अंदर यह अंतर 33 दिन का हो जाता है। जिसे अधिकमास कहा जाता है। इस बार सावन एक की बजाय दो महीना का होने वाला है। यानी इस बार भोलेनाथ के भक्तों को उनकी उपासना करने के लिए 8 सोमवार मिलेंगे। कहा जाता है कि जो व्यक्ति सावन के सोमवार का व्रत करता है उसके वैवाहिक जीवन में खुशहाली बनी रहती है साथ ही जीवन में सुख समृद्धि की कमी भी नहीं रहती है। सावन के महीने में भगवान शिव पर धतूरा, बेलपत्र चावल चंदन, शहद आदि जरूर चढ़ाना चाहिए। सावन के महीने में की गई पूजा से भगवान शिव जल्दी प्रसन्न होते हैं। इसके अलावा सावन के सोमवार का व्रत करने से कुंडली में चंद्रमा की स्थिति मजबूत होती है। साथ ही आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। **भगवान शिव को क्यों प्रिय है सावन का महीना?** कहा जाता हैं सावन भगवान शिव का अति प्रिय महीना होता हैं. इसके पीछे की मान्यता यह हैं कि दक्ष पुत्री माता सती ने अपने जीवन को त्याग कर कई वर्षों तक श्रापित जीवन जीया। उसके बाद उन्होंने हिमालय राज के घर पार्वती के रूप में जन्म लिया. पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए पूरे सावन महीने में कठोरतप किया जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उनकी मनोकामना पूरी की. अपनी भार्या से पुन: मिलाप के कारण भगवान शिव को श्रावण का यह महीना अत्यंत प्रिय हैं. यही कारण है कि इस महीने कुमारी कन्या अच्छे वर के लिए शिव जी से प्रार्थना करती हैं.मान्यता हैं कि सावन के महीने में भगवान शिव ने धरती पर आकार अपने ससुराल में विचरण किया था जहां अभिषेक कर उनका स्वागत हुआ था इसलिए इस माह में अभिषेक का महत्व बताया गया हैं।पौराणिक कथाओं में वर्णन आता है कि इसी सावन मास में समुद्र मंथन किया गया था। समुद्र मथने के बाद जो हलाहल विष निकला, उसे भगवान शंकर ने कंठ में समाहित कर सृष्टि की रक्षा की; लेकिन विषपान से महादेव का कंठ नीलवर्ण हो गया। इसी से उनका नाम श्नीलकंठ महादेवश पड़ा। विष के प्रभाव को कम करने के लिए सभी देवी-देवताओं ने उन्हें जल अर्पित किया। इसलिए शिवलिंग पर जल चढ़ाने का खघस महत्व है। यही वजह है कि श्रावण मास में भोले को जल चढ़ाने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में वर्णित है कि सावन महीने में भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं। इसलिए ये समय भक्तों, साधु-संतों सभी के लिए अमूल्य होता है। यह चार महीनों में होने वाला एक वैदिक यज्ञ है, जो एक प्रकार का पौराणिक व्रत है, जिसे श्चौमासाश भी कहा जाता है; तत्पश्चात सृष्टि के संचालन का उत्तरदायित्व भगवान शिव ग्रहण करते हैं। इसलिए सावन के प्रधान देवता भगवान शिव बन जाते हैं। मरकंडू ऋषि के पुत्र मारकण्डेय ने लंबी आयु के लिए सावन माह में ही घोर तप कर शिव की कृपा प्राप्त की थी, जिससे मिली मंत्र शक्तियों के सामने मृत्यु के देवता यमराज भी नतमस्तक हो गए थे। अगर आप के घर में धन की कमी हो तो आप सावन भर शमी के पेड़ की जड़ शिवजी को चढ़ाएं। उस के बाद उस जड़ को लाकर अपनी तिजोरी में रख दें। ऐसा करने से आप के जीवन में धन का संकट दूर होगा। अगर आप को कोई भी कार्य करने में बार-बार असफलता मिल रही हैं, तो सावन में सोमवार के दिन 21 बेल पत्रों पर चंदन से ऊं नम: शिवाय लिखकर शिवलिंग पर चढ़ाएं। आप के काम में आ रही बाधा दूर हो जाएगी। अगर आप के जीवन से कष्ट खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहें तो सावन के महीने में शिवलिंग पर दही चढ़ाएं। बताया जाता है, क भगवान शंकर को दही बहुत पसंद हैं। अगर आप शिवलिंग पर दही चढ़ाते हैं, तो आप के जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।अगर आप की शादी में कोई बाधा आ रही हो तो सोमवार के दिन शिवलिंग पर दूध में केसर मिला कर चढ़ाएं। ऐसा करने से शादी में आने वाली बाधा दूर हो जाती है। अगर आप की किस्मत आपका साथ नहीं दे रही तो आपको सावन के महीने में बैल को हरा चारा खिलाना चाहिए। बैल को नंदी का रूप कहा जाता है, ऐसा करने से भगवान भोलेनाथ बेहद प्रसन्न होते हैं। अगर आप अपनी आमदनी के साधना बढ़ाना चाहते हैं, तो सावन के महीने में मछलियों को आटे की गोलियां खिलाएं। ऐसा करने से शिव जी प्रसन्न होते हैं और राहु-केतु ग्रह के बुरे असर से भी छुटकारा मिलता है।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# नशीले पदार्थों के उपयोग और व्यापार पर लगे अंकुश

मनुष्य नशीले पदार्थों का सेवन कई युगों से करता चला आ रहा है। नशीले पदार्थ हमेशा उसके लिये आनंद की वस्तु रहे है। पर अब जबकि हम इक्कीसवी शताब्दी में हैं ये नशीले पदार्थ आनंद की बजाय बर्बादी के वस्तु बन गये हैं। आज न केवल नशीले पदार्थों के प्रकार बढ़े हैं, बल्कि उनका सेवन करने वालों की संख्या भी बढ़ी है। हमारे ही देश में पिछले कुछ दशकों में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों की संख्या में जबर्दस्त वृद्धि हुई है। हमारे यहां प्रतिदिन लाखों गैलन शराब पी ली जाती है जिस पर अरबों रुपया खर्च होता है। इसके अलावा लोग भांग, गांजा, चरस, अफीम, तम्बाखू सहित कई प्रकार के नशीले दवाएं सिरप टेबलेट आदि नशीले पदार्थों के सेवन से देश, परिवार और स्वयं के बर्बादी का कारण बन जाते हैं। नशे की प्रवृत्ति से स्वास्थ्य में गिरावट, कार्य कुशलता में कमी और अनेक मानसिक विकृतियां उत्पन्न होने से सारा समाज समस्याग्रस्त है। कुछ वर्षो पूर्व तक शराब, भांग, गांजा, तंबाखू, अफीम, चरस ही नशीले पदार्थों के रूप में जाने जाते थे। लेकिन अब नशे की दुनिया में कई दूसरे ही नाम चलन में है और वे नशीले पदार्थों का प्रभाव कहीं ज्यादा घातक है। नए नशीले पदार्थों में माफीन, हेरोईन, हशीश, स्नैक,एल. एस. डी., मैण्ड्रेक्स ब्राउन सुगर कई प्रकार के सिरप और टेबलेट आदि नाम काफी प्रचलित हो चुके है। जहां इनकी कीमत बहुत ज्यादा है, वहीं इनका नशा गांजा, भांग, अफीम जैसे पुराने नशीले पदार्थों से कई गुना ज्यादा है। नशे की ओर आदमी ज्यादातर तीन कारणों से बढ़ता देखा गया है। (1) मनुष्य नशे की और तब बढ़ता है जब वह परेशान व समस्याग्रस्त होता है। नशा आदमी को कुछ क्षणों के लिये वास्तविक जिंदगी की समस्याओं से दूर कल्पना लोक में ले जाता है। आदतन नशा करने वालों में ऐसे लोगों की संख्या सबसे ज्यादा देखनेको मिलती है, (2) कई लोग नशे को शौक के रूप में अपनाते देखे गये हैं लेकिन बाद में नशे के गुलाम हो जाते हैं। एक बार नशे का चस्का लग जाने के बाद इससे छुटकारा पाना असंभव नहीं तो बहुत कठिन जरुर है। (3) कुछ मात्रा में लोग सफलता पाने के लिए नशे को अपनाते हैं। आज पूरी दुनिया में मुख्यत: नशीले पदार्थों के बाजार के रूप में और उनके उत्पादक देशों के रुप में पाकिस्तान बंगलादेश अफगानिस्तान और मैक्सिको आदि देश बदनाम हो चुके हैं। ये देश इस समय ब्राउन सुगर, हेरोइन जैसे नशीले पदार्थों के सबसे बड़े उत्पादक हैं। भारत में अब इन नशीले पदार्थों की खपत काफी बढ़ गई है। शराब से राज्यों को होने वाली करोड़ों रुपये की आबकारी आय का ग्राफ लगातार ऊपर की ओर चढ़ रहा है। इसके अलावा अफीम, गांजा, ब्राउन सुगर का उपयोग भी खतरनाक गति से बढ़ा है। आज देश में शांति और व्यवस्था की काफी बढ़चढ़ कर बातें की जाती हैं तथा योजनायें भी बनाई जाती है। लेकिन इसके मूल कारण को समझने की जरा भी प्रयास नहीं किया जाता। रोग नष्ट करने के लिये उनको जड़ से उखाड़ कर फेंकना होगा, केवल ऊपर से पत्तों को उखाड़ देने से कोई लाभ नहीं होता। नशीले पदार्थों का बढ़ता उपयोग राष्ट्रीय चिंता का विषय है। नशा बंदी के लिये कुछ वर्ष पूर्व बनाई गई कानून की धज्जियाँ उड़ रही हैं। मात्र कानून बना देने से ही इस बुराई का विनाश नहीं किया जा सकता। इसके लिये एक प्रबल जनमत जागृत करने की महती आवश्यकता है। जहां तक नये नशीले पदार्थों का सवाल है ये देश में तस्करी के द्वारा पहुंचते हैं अत: सरकार को इस पर कठोरता से रोक लगाना चाहिये। और नशे का व्यापार करने वालो के लिये कानून में मौत की सजा का प्रावधान होना चाहिये। हमारे देश में शराब तथा अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पर लगे टैक्सों से सरकार को करोड़ों रुपयों की आय प्रतिवर्ष होती है। अत: सरकारें भी अपने राज्यों में करोड़ों रुपयों के लालच में इस समस्या पर काबू पाने के लिये इमानदार प्रयास नहीं करती अगर देश को नशे के क्रूर पंजों से बचाना है तो करों के रूप में मिलने वाली अपार धनराशि का त्याग करना ही पडेगा। आज जैसे बिहार राज्य ने अपने पूरे राज्य भर में पूर्ण रूप से नशा बंदी लागू की है वह प्रशंसनीय कदम है। इससे बहुत कुछ सकारात्मक प्रभाव भी पड़ा है।नशा करने से अपराध पवृत्ति को भी बल मिलता है तथा अनैतिक कार्यों की वृद्धि होती है। अत: सरकार को कठोर नियमों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर नशा आदि पर कड़े प्रतिबंध शीघ्र लगाने चाहिये नशाबंदी केवल एक नारा बनकर न रह जाये।

**- सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

# पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार

काशीपुर। ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत चलाए अभियान के क्रम में कुंडा पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे पांच वांछित अभियुक्तों को सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक 138 एन आई एक्ट में ग्राम सरवर खेड़ा निवासी रुपेश पुत्र महेंद्र सिंह लंबे समय से वांछित चल रहा था। इसी तरह विद्युत चोरी के मामले में लालपुर कुंडा निवासी सुरेश पुत्र बाबू, इसी मामले में यही के रामचंद्र पुत्र सुखन, 125 सीआरपीसी में ग्राम लालपुर बक्सौरा निवासी शंकर सिंह पुत्र महेंद्र सिंह तथा 446 सीआरपीसी में लालपुर कुंडा निवासी रिंकू पुत्र रामपाल की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। उपरोक्त सभी वंचित वारंटियों को पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# मोटर खराब होने से पेयजल आपूर्ति ठप

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजपुरा धोबी घाट चौराहा के पास लगे ट्यूबवेल की मोटर खराब होने से क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। हुआ कारण राजेन्द्र नगर राजपुरा की करीब दस हजार की आबादी पेजल संकट से जूझ रही है। यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने जल्द से जल्द ट्यूबवेल को ठीक करने के साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था बनाते हुये पूरे इलाके में टैंकरों से पेयजल वितरण करने की मांग की।



# नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता हुई आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गदरपुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति बच्चों को जागरूक करने हेतु महतोष क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपलिया में स्थित देशबंधु इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं की पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, प्रतियोगिता में लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय ,चतुर्थ, स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसके उपरांत जन जागरूकता हेतु एक रैली महतोष क्षेत्र में निकाली गई। स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभावो के बारे मे विस्तार से बताया. मीटिंग में उपस्थित सभी छात्रों को यह भी बताया गया कि यदि कोई नशा विक्रय करता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस - स्कूल में टीचर को दें।



# रन अगेंस्ट ड्रग में अल्मोड़ा की पारूल रही अव्वल

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत दिल्ली में आयोजित बीस की दौड़ रन अगेंस्ट ड्रग में अल्मोड़ा की बेटी पारूल दुर्गापाल ने



प्रथम स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया है। बता दें नशा मुक्त भारत के तहत जनजागरूकता के लिए देश भर में कई आयोजन किये जा रहे हैं। इसी के तहत देश की राजधानी दिल्ली में जनजागरूकता के लिए 5 किमी और 20 किमी दौड़ रन अगेंस्ट ड्रग का आयोजन किया गया था जिसमें अल्मोड़ा की पारूल दुर्गापाल ने भी हिस्सा लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें ट्राफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बता दें पारूल दुर्गापाल स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत डा. जेसी दुर्गापाल की पुत्री है। डा. दुर्गापाल पूर्व में रूद्रपुर जिला अस्पताल के सीएमएस भी रह चुके हैं।

# पेयजल समस्या का समाधान करने पर किया आभार व्यक्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जन सेवा एकता कमेटी के अध्यक्ष अलीम खान व उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू के नेतृत्व में अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष जनाब मजहर नईम नवाब को वार्ड नंबर 28 सफदर के बगीचे में पेयजल की समस्या का समाधान किए जाने पर फूलों का गुलदस्ता देकर आभार व्यक्त किया। क्षेत्रवासियों



का कहना है कि महीनों से सैकड़ों निवासी पेयजल समस्या से जूझ रहे थे। क्षेत्रवासी जल संस्थान में चक्कर लगाते लगाते थक चुके थे। मजहर नईम ने तुरंत अधिकारियों को फोन करके समस्या का समाधान करवाया। उन्होंने कहा समाज के लिए हर समय उपलब्ध रहता हूं।आभार व्यक्त करने वालों में अजीम खान, नफीस अहमद खान, मोहम्मद नईम, मोहम्मद बाबू, शोएब मियां, मेहबूब अली, मोइन खान आदि शामिल थे।

# सत्यापन नहीं कराने पर दो मकान मालिकों के काटे चालान

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु दिशा निर्देश पर जिले में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु समस्त थाना प्रभारियों द्वारा चलाये जा रहे वृहद सत्यापन अभियान अभियान के तहत अल्मोड़ा पुलिस ने सत्यापन अभियान चलाकर 48 व्यक्तियों का सत्यापन किया। इस दौरान



द्वाराहाट पुलिस द्वारा बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर 2 मकान मालिकों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत 10-10 हजार के कोर्ट चालान की कार्यवाही की। सत्यापन अभियान के दौरान अल्मोड़ा पुलिस द्वारा लोगों को किरायेदार सत्यापन के लिए जागरुक करते हुए अपने किरायेदारों का अनिवार्य रुप से पुलिस सत्यापन कराने अन्यथा विधिक कार्यवाही की हिदायत दी।

# वर्षा के लिए लोगों को वितरित किये तीखे चने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कसौधन वैश्य सभा द्वारा बरसात न होने के कारण पूजा कर बारिश होने के लिए लोगों को मिर्ची वाले काले चने का प्रसाद का वितरण किया गया और वरिष्ठ जनों का स्वागत सम्मान किया गया। जिसमें उत्तराखंड के प्रभारी मोहनलाल गुप्ता कसौधन, राम गुप्ता कसौधन, अनिल गुप्ता कसौधन को पटका पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष विजय



गुप्ता कसौधन व नगर महामंत्री उदय गुप्ता कसौधन के नेतृत्व में अजय गुप्ता, मिंटू गुप्ता कसौधन, गुरु प्रसाद गुप्ता कसौधन सहित महिला मंडल से शिल्पी गुप्ता , नेहा गुप्ता व कसौधन् समाज के युवा कन्हैया गुप्ता, अग्रिम कसौधन, विराज आदि ने सहयोग किया।

# खाईबाड़ी करता एक सट्टेबाज गिरफ्तार



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजपुरा चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सार्वजनिक स्थल पर खाईबाड़ी कर रहे एक सट्टेबाज को सट्टा पर्ची व नगदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी दिनेश चंद्र जोशी साथी पुलिस कर्मी का. जगत के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान बंगाली कालोनी में सार्वजनिक स्थान पर खाईवाड़ी करते हुए राजू पुत्र दयाल निवासी श्याम जनरल स्टोर के पास राजपुरा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से पैन , गत्ता ,सट्टा पर्ची व नगदी 960 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने राजू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बंदा सिंह बहादुर के शहीदी दिवस पर विशेष कीर्तन दरबार

गदरपुर(उद संवाददाता)। देश और धर्म की रक्षा तथा सूबा सरहिंद का नाश करने वाले अमर शहीद बाबा बंदा सिंह बहादुर के शहीदी दिवस पर आयोजित कीर्तन समागम में रागी जत्था भाई हरजीत सिंह द्वारा शब्द कीर्तन किया गया । ग्राम पछियापुर के गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह में सूरा सो पहचानिए जो लड़े दीन के हेतु, पुर्जा पुर्जा कट मरे कबहू ना छोड़ खेत,ऐसी मरनी जो मरे बहुर ना मरना होय।ष मनोहर कीर्तन करने के उपरांत उन्होंने बताया कि गुरु गोविंद सिंह के निर्देश पर बाबा बंदा सिंह बहादुर ने बैरागी जीवन छोड़कर सिंह सज कर नांदेड़ महाराष्ट्र से सरहिंद पहुंचकर वहां के सूबेदार वजीर खां को मारकर एवं उसकी फौज को तहस-नहस करके खालसा राज कायम किया कई वर्षों तक उन्होंने गरीबों की सहायता के लिए नियम बनाए कानून व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए उन्होंने जमीदारी व्यवस्था समापन करके भू माफिया द्वारा कब्जाई भूमि को जरूरतमंदों एवं गरीबों को प्रदान किया । धोखे से उन्हें गिरफ्तार करके फर्रूखसियर के दरबार दिल्ली में पेश किया गया जहां उन्हें धर्म तब्दील किए जाने का आदेश दिया परंतु ना मानने पर उनके 5 वर्ष के पुत्र अजय सिंह का कलेजा निकालकर बाबाजी के मुंह में डाला गया और गर्म जम्बूरों से नोंचते हुए शरीर के टुकड़े टुकड़े करके उन्हें दिल्ली के महरौली में कुतुब मीनार के पास शहीद किया गया जहां उनकी महान यादगार बनी है । बाबा बंदा सिंह बहादुर के शहीदी दिवस पर सिख मिशनरी कालेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संयोजक देवेंद्र सिंह के सौजन्य से ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक पुस्तकों का निशुल्क वितरण करते हुए बाबा बंदा सिंह बहादुर को नमन किया गया । गुरुद्वारा सिंह सभा गदरपुर में बाबा बंदा सिंह बहादुर का शहीदी दिवस मनाते हुए भाई राजेंद्र सिंह द्वारा उनके जीवन का मर्म स्पर्शी पक्ष पेश करते हुए संगत को ऐसे शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए जागरूक किया ।



# विभिन्न वर्गों एवं डाम की जमीन पर काबिज किसानों को मिले मालिकाना हक: यादव

सितारगंज(उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन की सभा में वर्षो से विभिन्न वर्गों की भूमि व डाम की जमीन पर काबिज किसानों को मालिकाना हक देने की मांग की गई। इस दौरान यूनियन के नवनियुक्त प्रवक्ता एवं प्रदेश प्रमुख महासचिव एडवोकेट योगेन्द्र कुमार यादव का भव्य स्वागत किया गया। मंडी समिति सभागार में हुई सभा में भाकियू के उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश तराई क्षेत्र के अध्यक्ष बलजिंदर सिंह मान ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों के प्रति बदले की भावना से कार्य कर रही है। उन्हें उनकी भूमि से बेदखल किया जा रहा हैं। उनका कहना था कि विपक्ष अपनी भूमिका नहीं निभा रहा है। यही कारण है कि सरकार मनमाने फैसले ले रही है। आरोप लगाया गया कि प्रशासन ने जसपुर में किसानों के घर तोड़ दिये। अब उन्हें मुआवजा दिया जाना चाहिये। अन्य वक्ताओं का कहना था कि सरकार भूमि को कई वर्गों में बांट दिया है। इसी के चलते किसानों का उत्पीड़न हो रहा है। बाजपुर में 20 गांवों में भूमि की बिक्री पर पाबंदी लगा दी गई हैं। मांग की गई भूमि चाहे किसी भी वर्ग की हो यदि किसान उस पर 12 वर्ष या अधिक समय से काबिज है तो उसे मालिकाना हक दिया जाना चाहिये। यह सर्वोच्च न्यायालय की रूलिंग भी है। साथ ही किसानों को उनकी फसल की एमएसपी देने की मांग भी की गई। इस दौरान यूनियन के नवनियुक्त प्रवक्ता एवं प्रदेश प्रमुख महासचिव एडवोकेट योगेन्द्र कुमार यादव का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। यूनियन के नेताओं का कहना था कि यादव के संगठन में शामिल होने से संगठन हो मजबूती मिलेगी। यादव ने यूनियन के नेताओं का आभार जताते हुये कहा कि उन्हें जो दायित्व दिया गया है उसका निर्वहन वह निष्ठा से करेंगे। इस मौके पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष करन सिंह पड्डा, जिलाध्यक्ष गुरसेवक सिंह, जिला उपाध्यक्ष जस्सा सिंह, ब्लाक अध्यक्ष गुरसाहब सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद, भीष्म नारायण, बलिराम यादव, डा. रामलखन राव, नन्दलाल यादव, तैयब अंसारी, सुग्रीव प्रसाद, बलकार सिंह, राजेश कुमार, रमेश कुमार, रामजतन राजभर, सचिन यादव, पंकज कुमार, नमन रस्तोगी, भवनेश कुमार, चंदन, हरनाम सिंह आदि मौजूद रहे।



## पेज एक का शेष...

**जी २० ...** व देश के विशेषज्ञ भी चर्चा में शामिल होकर अपने अनुभव और सुझाव साझा कर रहे हैं। 27 जून को नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से भारत को एमआरओ (मेंटीनेंस, रिपयेरिंग व ओवरहाल) हब बनाने पर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें एमआरओ क्षेत्र में भारत की ओर से पेश किए जाने वाले अवसरों पर चर्चा की जाएगी। बता दें जी-20 ढांचागत विकास कार्य समूह, बुनियादी ढांचे के निवेश के विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श करता है। इसमें बुनियादी ढांचे को एक परिसंपत्ति वर्ग के रूप में विकसित करना, गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे के निवेश को बढ़ावा देना और बुनियादी ढांचे के निवेश के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने के लिए नवीन उपकरणों की पहचान करना भी शामिल है। ढांचागत विकास कार्य समूह के नतीजे जी 20 फाइनेंस ट्रेक प्राथमिकताओं में शामिल होते हैं और ढांचागत विकास को बढ़ावा देते हैं। वित्त मंत्रालय के निदेशक अमन गर्ग ने बताया कि तीन दिवसीय बैठक के दौरान औपचारिक चर्चा के अलावा प्रतिनिधि विभिन्न आधिकारिक बैठकों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। प्रतिनिधियों को उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति के दर्शन भी कराए जाएंगे। सांस्कृतिक संध्या में उत्तराखंड के लोक कलाकार लोक कला, गायन और वाद्य की प्रस्तुतियां देंगे। प्रतिनिधियों को उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ स्थानीय व्यंजनों का आनंद लेने का अवसर प्रदान करेंगे। रात्रि भोज व संवाद की भी मेजबानी भी उत्तराखंड की ओर से की जाएगी। साथ ही मेहमानों को ऋषिकेश के आध्यात्मिक वातावरण और प्राकृतिक छटा का अनुभव भी करवाया जाएगा। 28 जून की दोपहर प्रतिनिधियों को उत्तराखंड माडल विलेज ओणी गांव का भ्रमण कराया जाएगा। इसके पश्चात प्रतिनिधि ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट की गंगा आरती में प्रतिभाग करेंगे।

**हाईकोर्ट पहुंचा..** तीन हजार कनेक्शन के उपभोक्ता बूंद बूंद को तरस गए है। वैकल्पिक इंतजाम भी पर्याप्त नहीं किये गए। पानी की वजह से लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई है। खंडपीठ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल संस्थान के अधिवक्ता को बुलाकर स्थिति स्पष्ट करने को कहा। बाद में जल संस्थान के अधिवक्ता ने जल संस्थान के अधिकारियों से वार्ता कर जानकारी ली। फिर कोर्ट में बताया कि शाम चार बजे तक आपूर्ति कर दी जाएगी। बता दें शहर के बड़े हिस्से में पानी की आपूर्ति पिछले पांच दिन से ठप है। डीएसए मैदान पर बॉक्सिंग रिंग के काम में लगाये बुलडोजर के पंजे से एडीबी की राइजिंग मेन लाइन टूट गई थी। जिससे पानी की आपूर्ति ठप है। जल संस्थान ने लाइन को जोड़ा तो रविवार सुबह टेस्टिंग में फिर लाइन फट गई।

**नशा मुक्ति के लिये...**अभियान में शहर के जनप्रतिनिधि के साथ ही भारी संख्या में पुलिसकर्मियों के अलावा आम जनता ने भी प्रतिभाग किया। सैकड़ों लोगों ने तिकोनिया से लेकर बरेली रोड मंडी तक पांच किलोमीटर की दौड़ लगाई। पुलिस द्वारा आयोजित इस मैराथन दौड़ में स्कूली बच्चों ने भी हिस्सा लिया। मेयर जोगेंद्र रौतेला ने कहा कि नशा समाज की सबसे बड़ी बुराई है और नशे से बचने के लिए इस तरह का आयोजन होना बहुत जरूरी है। अगर युवा पीढ़ी खेल के प्रति जागरूक हो तो अवश्य ही वह नशे से दूर होगी। एसएसपी पंकज भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड के साथ ही नैनीताल जिले को भी नशा मुक्त बनाने के लिए इस मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। जिससे कि लोग नशे के प्रति जागरूक हो सके। सभी ने 2025 तक उत्तराखंड को नशा मुक्त करने का संकल्प लिया। इस मौके पर एसपी क्राइम एवम ट्रैफिक जगदीश चंद्र, एसपी सिटी हरवंश सिंह, एसडीएम मनीष कुमार सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष कार्तिक हरबोला व कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। मैराथन दौड़ के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**अवैध शराब के ...**लिया। पूछताछ करने पर महिला ने अपना नाम पता फरीन उर्फ पूजा पुत्री छोटेलाल निवासी रम्पुरा केदारनी चौक बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कट्टे से 61 पाउच अवैध शराब के बरामद हुए। वहीं एसआई मुकेश मिश्रा मुखबिर की सूचना पर कांस्टेबल कृष्ण टम्टा व यशपाल मेहता के साथ बिंदुखेड़ा गेट के पास पहुंचे जहां एक व्यक्ति प्लास्टिक का कट्टा लिए खड़ा मिला। टीम ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता संदीप उर्फ सोनू पुत्र स्व. रामपाल निवासी बगवाड़ा बताया। तलाशी लेने पर कट्टे में 50 पाउच अवैध शराब के बरामद हुए। पुलिस ने महिला व पुरूष दोनों शराब तस्करों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**लाखों की नगदी...**मिले हैं। उसने बताया डोडा चूरा वह एक ट्रक ड्राइवर से खरीदता है जो बदायूं से लेकर आता है। डोडा चूरा खरीदकर वह नशेड़ियों को दस हजार रुपए किलो के हिसाब से बेचता है। पुलिस ने बरामद सामान कब्जे में लेकर उच्चतम न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के दिशा निर्देशों का पूर्णतया पालन करते हुये गुरमीत सिंह को हिरासत में लेकर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

**चाकू की नोक...**जान से मारने की धमकी दी। घर वापस आने के बाद से उसकी पत्नी गुमसुम रहने लगी। काफी पेछने के बाद उसने अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। परजिनों का कहना है कि मामले की शिकायत पुलिस से की गई लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000